THE MINISTER OF CIVIL AVIATION AND TOURISM (SHRI GHULAM NABI AZAD): (a) and (b) The space within terminal areas at certain airports for check-in counters for the passengers of Air-Taxi operators has become inadequate due to increase in Air-Taxi operations. Short and long term steps have been initiated to augment terminal capacity wherever possible.

निजी एयर टैक्सियों का किराया

1914. **श्री महेश्वर सिंह** : क्या **नागर विमानन और पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने उन क्षेत्रों के लिये विमान किराया निश्चित कर दिया है जहां निजी एयर टैक्सियां चलाई जा रही हैं; और

(ख) यदि हां, तो दिल्ली से कुल्लू तक की विमान यात्रा के लिये यात्रियों से कितना किराया वसूल किया जा रहा है?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) और (ख) एयर टैक्सी मार्ग-दर्शी सिद्धांतों के अंतर्गत एयर टैक्सी प्रचालकों द्वारा लिए जाने वाले किरायों पर कोई प्रतिबंध नहीं है।

देश में वायुदूत का कार्यकरण

1915. **श्री महेश्वर सिंह** : क्या **नागर विमानन और पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश के किन-किन मार्गों और स्थानों पर "वायुदूत" की विमान सेवाएं सुलभ थीं;

(ख) वायुदूत की विमान सेवाओं को कब से बन्द कर दिया गया है और इसके क्या कारण हैं; और

(ग) ऐसे स्थानों पर पर्यटकों तथा यात्रियों को सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु क्या वैकल्पिक व्यवस्था की गई है?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) विवरण-1 पर दी गई सूची में उल्लिखित 105 स्टेशनों में से वायुदूत इस समय 31 स्टेशनों पर सेवाएं प्रचालित कर रहा है जिन्हें विवरण-2 पर दी गई सूची में दर्शाया गया है **(नीचे देखिये)**।

(ख) वर्ष 1989-90 के पश्चात, प्रचालनात्मक कठिनाइयों और वाणिज्यिक कारणों से नेटवर्क पर स्टेशनों की संख्या को धीरे-धीरे कम कर दिया गया है।

(ग) अधिकांश मार्गों पर वायुदूत कम दूरी वाले सेक्टरों पर प्रचालन कर रहा था। जिन स्थानों के लिए वायुदूत प्रचालन नहीं कर रहा, उन्हें सड़क और रेल द्वारा जोड़ा गया है।

विवरण 1

उन स्टेशनों की सूची जिन पर वायुदूत प्रचालन कर रहा है

उत्तरी क्षेत्र

जम्मू और काश्मीर

01. जम्मू
02. राजौरी

पूर्वी क्षेत्र

केन्द्र शासित प्रदेश - दिल्ली

03. दिल्ली

उत्तर प्रदेश

04. देहरादून
05. कानपुर
06. लखनऊ
07. गोरखपुर
08. इलाहाबाद
09. आगरा
10. वाराणसी
11. पंतनगर

केन्द्र शासित प्रदेश चंडीगढ़

12. चंडीगढ़